प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.12.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ की बैठक, राज्य में इको टूरिज्म के विकास के लिए बेहतर कार्य योजना तैयार करने का दिया निर्देश।
- राज्य सरकार ने अब एक एकड़ से कम में बने निजी तालाबों का भी जीर्णोद्धार कराने का लिया निर्णय, कृषि मंत्री ने अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने का दिया निर्देश।
- राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने पलामू में स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक, मैन पावर उपलब्ध कराने वाली कंपनी के खिलाफ जांच का आदेश।
- रांची में दिनदहाड़े एक आटा कंपनी के कैशियर से अपराधियों ने लूटे 13 लाख रुपये, युवक को मारी गोली, रक्षा राज्य मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने राज्य की विधि व्यवस्था पर उठाये सवाल।
- रामगढ़ में नेशनल टी–20 दिव्यांग महिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु, भोपाल में आयोजित नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग की शोभा रानी और नवरत्न सृष्टि बाला का शानदार प्रदर्शन।

*****************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में इको टूरिज्म के विकास के लिए एक बेहतर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। श्री सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में मुख्य सचिव अलका तिवारी, वन पर्यावरण विभाग के सचिव अबू बकर सिद्दीकी और पर्यटन विभाग के सचिव मनोज कुमार के साथ राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं तथा उन्हें विकसित करने को लेकर बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि झारखंड में इको टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। राज्य में इको टूरिज्म को इस प्रकार विकसित किया जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ–साथ प्रकृति को भी संरक्षित रखा जा सके।

*****************

राज्य में अब एक एकड़ से कम में बने निजी तालाबों का भी सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने आज रांची के कांके स्थित कृषि भवन का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को इसके लिए प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। मंत्री ने आने वाले समय में सब्जियों के एमएसपी तय करने की दिशा में भी काम करने की बात कही।

*****************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने आज पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान मैन पावर उपलब्ध कराने वाली कंपनी के कामकाज पर वित्त मंत्री अंसतोष व्यक्त किया। वित्त मंत्री ने तीन दिनों के भीतर सरकार के एग्रीमेंट के अनुसार पर्याप्त संख्या में कर्मियों को एमआरएमसीएच में लगाने का निर्देश दिया।

*****************

इधर, राज्य के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल संबंधित परियोजनाओं को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है। वे आज मधुपुर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक और कनीय अभियंताओं के साथ बैठक कर रहे थे।

*****************

रांची के पंडरा ओपी क्षेत्र में बैंक में पैसा जमा करने जा रहे एक आटा कंपनी के कैशियर से अपराधियों ने आज दिनदहाड़े 13 लाख रूपये लूट लिए। बीचबचाव करने आये एक युवा सुमित कुमार को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से घायल भी कर दिया। उसे मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

*****************

इस बीच रक्षा राज्य मंत्री और रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा है कि यह घटना हतप्रभ करने वाली है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर राज्य की विधि व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा है अपराधियों में शासन–प्रशासन का खौफ समाप्त हो गया है। श्री सेठ ने कहा है कि ऐसा लग रहा है कि 90 के दशक का जंगलराज वापस आ चुका है।

*****************

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड में प्रतिदिन औसतन 5 लोगों की हत्या हो रही है। श्री मरांडी ने एससीआरबी के आंकड़े का हवाला देते हुए कहा है कि इस वर्ष जनवरी से अक्टूबर तक के बीच एक हजार चार सौ लोगों की हत्या की जा चुकी है। श्री मरांडी ने कहा कि विधि व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखना राज्य सरकार की जिम्मेवारी है लेकिन मुख्यमंत्री नागरिकों की सुरक्षा में बुरी तरह विफल साबित हो रहे हैं।

*****************

देवघर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी फर्जी बैंक अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करते थे। इन सबकी गिरफ्तारी मोहनपुर, देवीपुर, मधुपुर और पथरोल थाना क्षेत्र से की गयी है। इनके पास से कई मोबाइल फोन, सिमकार्ड, एटीएम कार्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गये हैं।

*****************

इधर लातेहार जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य चन्द्रदेव सिंह को गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार और बड़ी संख्या में कारतूस भी बरामद किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक  कुमार गौरव ने बताया कि मनिका थाना क्षेत्र के दुन्दू चौकिया करमाही इलाके से इस नक्सली को गिरफ्तार किया गया है।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्य भर में नए साल के स्वागत को लेकर लोगों में उत्साह है। जगह–जगह जश्न मनाने की तैयारी हो रही है। इसे लेकर विभिन्न पिकनिक स्थलों पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। उधर, हजारीबाग जिले में भी विभिन्न पिकनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार सिंह ने बताया कि पहली जनवरी के जश्न को लेकर सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गयी है।

इधर, बाबानगरी देवघर में भी 31 दिसंबर और एक जनवरी को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। बाबा बैजनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने बताया कि श्रद्धालुओं को सुलभ जलार्पण की सुविधा प्रदान करने के लिए कई कदम उठाये गये हैं।

*****************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्यभर में अगले 24 घंटे में ठंड बढ़ने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इस दौरान न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। विभाग ने इस अवधि में सुबह में हल्का कोहरा रहने की भी संभावना व्यक्त की है। रांची मौसम विज्ञान केन्द्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दो दिनों के बाद फिर आसमान में आंशिक बादल देखने को मिलेंगे, जिससे तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा।

*****************

रामगढ़ जिले में आज से नेशनल टी–20 दिव्यांग महिला क्रिकेट टूर्नामेंट शुरु हो गया है। टूर्नामेंट का उदघाटन राज्य के उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने किया। दो दिवसीय इस टूर्नामेंट में झारखंड के अलावा दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और उड़ीसा की दिव्यांग महिला टीमें हिस्सा ले रही हैं। मौके पर मंत्री ने कहा कि दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए राज्य सरकार जल्द ही अच्छी नीति लाने पर विचार कर रही है।

*****************

नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हजारीबाग स्थित आकाश शूटिंग क्लब की निशानेबाज शोभा रानी और नवरत्न सृष्टि बाला ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। भोपाल में आयोजित नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीटर एयर रायफल की स्पर्धा में शोभा रानी और नवरत्न सृष्टि बाला ने बेहतर अंक हासिल कर इंडिया टीम के सेलेक्शन ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया।

*****समाप्त******